नईदुनिया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास की गौशाला में गोवर्धन पूजा की।

गोवर्धन पूजा सनातन संस्कृति की पहचान

हर व्यक्ति गौमाता को पालने का संकल्प ले

- उज्जैन की तिलकेश्वर महादेव गौशाला में मुख्यमंत्री ने किया गौपूजन
- सिंहस्थ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारियों पर की चर्चा



राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को उज्जैन स्थित तिलकेश्वर महादेव गौशाला में विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की। इस दौरान उन्होंने गौमाता को गुड़ और रोटी खिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा सनातन संस्कृति के गौरवशाली अतीत की पहचान है। दीपावली के अवसर पर गौधन का पूजन हमारी परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समय की आवश्यकता है कि प्रत्येक व्यक्ति गौमाता की पूजा के साथ उनके पालन का भी संकल्प ले।

उन्होंने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। सिंहस्थ में आने वाले लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए शहर में 500 किलोमीटर से अधिक लंबाई की सड़कें बनाई जा रही हैं। शिप्रा नदी में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान के लिए नए घाटों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही घाटों तक पहुंचने के लिए सुगम मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। तिलकेश्वर महादेव के पास स्थित वाल्मीकि धाम में नया पुलिस थाना भी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शहरवासियों से सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं का खुले मन से स्वागत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपनी खाली जमीन पर टेंट सिटी बनाएं और घरों में अतिरिक्त कमरे तैयार कर होटल व होमस्टे के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे स्थानीय लोगों को अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज उपस्थित रहे।

खरगे के दीपावली वाले बयान पर भाजपा विधायक का पलटवार

कांग्रेस के दिमाग में सिर्फ ईद बसी है:रामेश्वर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दीपावली की तुलना ईद से किए जाने वाले बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस पर सनातन संस्कृति और हिंदू त्यौहारों का अपमान करने का आरोप लगाया।

दरअसल, मल्लिकार्जुन खरगे ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बेंगलुरु में कहा था कि दीपावली खुशियों की ईद की तरह है। यह पर्व कई दिनों तक चलता है और लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आने का संदेश देता है।

इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के दिमाग में सिर्फ ईद बसी हुई है। पार्टी दीपावली, मां लक्ष्मी की आराधना और भारतीय संस्कृति के महत्व को भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन पर चाहे जितनी टिप्पणी कर ले, इससे दीपावली की खुशियां कम नहीं होंगी।

शर्मा ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस कमजोर हुई है। उन्होंने कांग्रेस के भविष्य पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पार्टी आने वाले चार से छह वर्षों में समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की मिठास हमेशा बनी रहेगी।

बोनस और वेतन भुगतान नहीं करने वाली संस्थाओं के खिलाफ 11 से प्रदर्शन करेंगे आउटसोर्स कर्मचारी

नप्र, भोपाल : श्रमायुक्त के आदेश के बावजूद आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन, भत्ते और बोनस का भुगतान नहीं करने वाली शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्थाओं के खिलाफ आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ 11 नवंबर से प्रदर्शन करेगा।

महासंघ के संरक्षक अनिल बाजपेई, प्रमुख सलाहकार अरुण वर्मा और प्रांताध्यक्ष आशीष सिंह सिसोदिया ने बताया कि कई निगम-मंडलों, सहकारी संस्थाओं, बोर्ड, परिषदों और प्राधिकरणों में कार्यरत कर्मचारियों को दीपावली से पहले वेतन, भत्ते और बोनस का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने कहा कि भुगतान नहीं करने वाली संस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही संबंधित संस्थाओं को चिह्नित कर श्रमायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

डॉ. कर्वे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत रत्न से सम्मानित डॉ. धोंडो केशव कर्वे की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि नारी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार मानकर डॉ. कर्वे ने अपना सम्पूर्ण जीवन नारी सशक्तिकरण और समाज में समानता के भाव को मजबूत करने के लिए समर्पित किया।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं

नप्र, भोपाल : राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा का पर्व धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं के साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और उसके संरक्षण का संदेश देता है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत की आराधना का प्रसंग हमें प्रकृति की रक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की प्रेरणा देता है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चुनौती बन गया है। ऐसे में गोवर्धन पूजा का पर्व हरियाली संवर्धन, जल संरक्षण और सतत जीवनशैली अपनाने का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस पावन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें ।

27% ओबीसी आरक्षण पर सरकार की एसएलपी पर शुरु नहीं हो सकी सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने बताईं तीन नई खामियाँ


- याचिका में अब कुल 13 तकनीकी आपत्तियाँ
- चार पक्षकारों ने दाखिल किए कैविएट
- सुनवाई की तारीख तय नहीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के मामले में राज्य सरकार की सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) की सुनवाई अब तक शुरू नहीं हो सकी है। याचिका में पहले दर्ज 10 तकनीकी खामियां दूर नहीं हुई थीं, इसी बीच सात नवंबर को तीन नई आपत्तियां सामने आ गईं। अब कुल 13 खामियों का निराकरण होने के बाद ही याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो सकेगी।

नई आपत्तियों में पृष्ठों के विवरण में विसंगति, दस्तावेजों का अस्पष्ट होना और दूसरे याचिकाकर्ता के हस्ताक्षर उपलब्ध नहीं होना शामिल है। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने कुछ पृष्ठों की स्पष्ट और टाइप की हुई प्रतियां भी मांगी हैं। फिलहाल याचिका का एसएलपी नंबर जारी नहीं हुआ है और मामला डायरी नंबर पर ही दर्ज है।

गौरतलब है कि जबलपुर हाईकोर्ट ने नौ अक्टूबर को 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से संबंधित 2019 के कानून को असंवैधानिक घोषित किया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार ने 16 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की थी। इस बीच सरकार की याचिका के खिलाफ चार पक्षकारों ने कैविएट दाखिल किए हैं। इनमें यूथ फॉर इक्वेलिटी, सत्यम नंदन, रीतू बडोले और अंकित जैन शामिल हैं। कैविएट के कारण सुनवाई से पहले संबंधित पक्षकारों को भी अपना पक्ष रखने का अवसर देना होगा।

हाईकोर्ट के आदेश के पालन की समयसीमा नौ जनवरी निर्धारित है। ऐसे में सरकार के सामने एसएलपी की खामियां दूर कराने के साथ निर्धारित समय में आदेश का पालन करने की चुनौती है।









मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com